तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 21.7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 जून 2025

11 नोडल अधिकारी नियुक्त कर एक पेड़ ...


12 एमडीयू: 17 स्नातक व एकीकृत पाठ्यक्रमों ...


## यूएचएस में मनाया गया 18वां स्थापना दिवस

# तनाव के चलते लोगों की उम्र घट रही, 18 से 35 साल के लोगों की बायोलॉजिकल उम्र 60 से 95 वर्ष पाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चिकित्सकों की जांच रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। एक रिसर्च में ऐसे आंकड़े सामने आए हैं, जिसमें देखा गया है एक माह में उनके पास गए मरीजों में से करीब 25 प्रतिशत मरीजों में जिनकी उम्र सिर्फ 18 से 35 साल की थी उनमें तनाव के चलते बायोलॉजिकल उम्र 60 से 95 वर्ष की पाई गई जोकि बहुत ही गंभीर विषय है। इस पर हमें सचेत होते हुए संकल्प लेना होगा कि हम खुद को तनाव मुक्त रखेंगे और लाईफ बीजी नहीं बी ईजी रखेंगे। यह जानकारी डॉ मोहित दयाल गुप्ता ने पीजीआईएमस में आयोजित 18वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में दी। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा ने किया।

**पुस्तक का विमोचन**



**पौधरोपण करते कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल**



### रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया

कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के सभी चिकित्सकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि आज सबसे पहले विश्वविद्यालय प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद मेडिकल मोड स्थित विश्वविद्यालय के नए गेट के पास पौधारोपण अभियान चलाकर करीब दर्जन भर पौधे लगाए गए। इसके बाद चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में ब्लड बैंक द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया।

### मोटिवेशनल लेक्चर आयोजित करवाया

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल द्वारा सुश्रुत सभागार में दिल्ली के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहित दयाल गुप्ता का एक मोटिवेशनल लैक्चर आयोजित करवाया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहित द्वारा दिया गया व्याख्यान सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इससे काफी लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर होगा और लोगों को तनाव कम करने में काफी मदद मिलेगी।

### कमरा नं. 57 में मेडिटेशन रूम का भी उद्घाटन

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि लोगों में बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए आज ओपीडी में आमजन के लिए कमरा नंबर 57 में एक मेडिटेशन रूम का भी उद्घाटन किया गया है, जहां कोई भी व्यक्ति ओपीडी के समय में जाकर मेडिटेशन सीख सकता है। इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों द्वारा पीजी छात्रों के लिए लिखी गई पुस्तक का भी विमोचन करवाया गया। ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर में करीब 90 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### 40 ने अंगदान के लिए शपथ पत्र भरा

सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर दिप्ती खरब द्वारा ओपीडी में अंगदान जागरूकता हैल्प डेस्क लगाई गई जहां पर करीब 100 लोगों ने अंगदान के बारे में जागरूकता ली और करीब 40 लोगों ने अंगदान के लिए अपना शपथ पत्र भरा। दिप्ती खरब ने बताया कि कुछ लोगों ने परिवार वालों के अंगदान फार्म भरवाने के लिए स्कैनर की फोटो ली ताकि घर जाकर अपने परिजनों का भी फार्म भर के समाज के लिए नेक कार्य कर सकें।

### मन की सफाई रोजाना करें

व्याख्यान देने के लिए आए डॉ. मोहित दयाल गुप्ता ने कहा कि हम जिस पर रोज घर की सफाई करते हैं, ऐसे ही प्रतिदिन अपने मन की भी सफाई करनी चाहिए। हमें अपने जीवन से क्रोध, ईर्ष्या, घृणा, प्रतिस्पर्धा, छोटी-छोटी बातों पर चिडना छोडना होगा। उन्होंने कहा कि तभी हम अपने संस्थान को नो नेगेटिव व तनाव मुक्त संस्थान बना पाएंगे। हमें हर किसी को अपना सहयोग देना चाहिए। हमें यह सोचना चाहिए कि आज का दिन बची हुई जिंदगी का पहला दिन है और उसमें हमें प्रतिदिन थोड़ा समय योग और मेडिटेशन के लिए अवश्य निकालना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आईएमएच के निदेशक कम सीईओ डॉ. राजीव गुप्ता, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रूव चौधरी, डीन डॉ. कुलदीप लालर, डीन छात्र कल्याण डॉ. एम.जी. वशिष्ठ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. रूप सिंह, डॉ. मंजूनाथ, डॉ. रमेश वर्मा, डॉ. वरूण अरोड़ा, संपदा अधिकारी दुष्यंत सहित सैकड़ों फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी व विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अटायल 4 व बनियानी में 3 प्रत्याशी लड़ेंगे सरपंच चुनाव

**रोहतक।** अटायल पंचायत में सरपंच के लिए चार 4 और बनियानी में 3 उम्मीदवार सरपंच का चुनाव लड़ेंगे। सोमवार दोपहर बाद तीन बजे तक नामांकन वापस के लिए तय था। जिन उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए, उनके अलावा बाकि प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलॉट कर दिए। ध्यान रहे कि अटायल और बनियानी में सरपंच पद के लिए छह-छह पर्चे दाखिल किए गए थे। सोमवार को अटायल के दो और बनियानी के तीन प्रत्याशियों ने अपने-अपने नॉमिनेशन वापस ले लिए। मतदान 15 जून को सुबह आठ से शाम छह बजे तक मतदान होगा। वोटिंग प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र पर ही वोटों की गिनती करवाकर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### विकास नगर से स्कूटी चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** विकास नगर से एक स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में हर्ष गुप्ता ने बताया कि वह विकास नगर का रहने वाला है। मैंने अपनी स्कूटी अपने घर के बाहर गली में खड़ा करके अपने काम के लिए बाहर चला गया था। शाम को मैंने वापिस आके देखा तो स्कूटी गली में नहीं थी। इसके बाद आस-पास में पूछ तो स्कूटी नहीं मिली।

### लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 49,882 रुपये ठगे

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव खरक जाटान में एक व्यक्ति से बैंक की क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के नाम पर 49 हजार रुपए से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। खरक जाटान गांव निवासी शिवा पुत्र रामनिवास ने बताया कि शाम को साढ़े चार बजे उसके पास एक अनजाने नंबर से फोन कॉल आई। सामने वाले ने बताया कि वह एक्सिस बैंक का कर्मचारी बोल रहा है। कहा कि वह उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाना चाहता है। यदि आप कहें तो आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा दी जाएगी। कहा कि वह एक्सिस बैंक की ऐप खोल ले। व्हाट्स एप पर एक लिंक भेजा। उसके बाद उसके फोन पर एक मैसेज आया। जिसमें उसके कार्ड से 49 हजार 882.94 रुपए कट गए।

### काहनौर में आज वितरित किए जाएंगे उपकरण

**रोहतक।** जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3 जून को जिला के गांव काहनौर में कम्युनिटी हॉल में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त इस अवसर पर गत दिनों 14 मई को वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाए गए जांच शिविर में जो वरिष्ठ नागरिक योग्य पाए गए उन सभी को 10 लाख से अधिक की राशि के उपकरण 3 जून को वितरित करेंगे। सभी तैयारियां परी कर ली गई है।

## पीजीआई में मांगों को लेकर आउट्सोर्स कर्मचारियों ने जताया रोष

# हड़ताल में शामिल नहीं हुए तो कर्मी पिटे दो महिला बेयरर घायल, अस्पताल में भर्ती

- कर्मचारियों ने पीजीआई को अनुबंधन के आधार पर सेवा देने वाली एजेंसी पर वेतन में अनियमितताओं का आरोप लगाया और जांच की मांग की
- हड़ताल के पश्चात ठेकेदार ने कर्मचारियों का और भी ज्यादा शोषण करना शुरू कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कौशल रोजगार निगम में शामिल किए जाने और भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग को लेकर अनुबंधित कर्मचारियों ने सोमवार को हड़ताल की। कर्मचारियों ने पीजीआई को अनुबंधन के आधार पर सेवा देने वाली एजेंसी पर वेतन में अनियमितताओं का आरोप लगाया और जांच की मांग की। सुबह ही कर्मचारी विजय पार्क पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हड़ताल की सूचना पर पीजीआई प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर बताया कि हड़ताल गैर कानूनी है और बाहर के लोग इसमें शामिल हैं। ऐसे लोगों पर कारवाई की जाए और विजय पार्क से इन्हें उठवाया जाए। दूसरी ओर हड़ताली कर्मचारियों द्वारा ऐसे कर्मचारियों से मारपीट का मामला भी सामने आया जो हड़ताल में शामिल नहीं हो रहे थे। इस मारपीट में हड़ताल में शामिल नहीं होने वाली 2 महिलाओं को चोट आई, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर भी की है।




रोहतक। अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### शांति को भंग करने का प्रयास किया

हड़ताल करने वाले कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आज जब सुबह हड़ताल शुरू हुई तो ठेकेदार द्वारा रिलीवर के नाम पर कुछ लोगों को आशा नाम की रिलीवर के साथ भेज कर हड़ताल की शांति को भंग करने का प्रयास किया। लेकिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की समझदारी के कारण टकराव टला और डायल 112 ने आकर तुरंत स्थिति को संभाल। कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान दिन भर कौशल रोजगार में सम्मिलित करो, भ्रष्टाचार मुक्त करो, पीजीआई प्रशासन मुरादाबाद के नारे लगाएं।









### कौशल निगम में शामिल नहीं किया जा रहा

हड़ताल में कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व में हुई हड़ताल के समय पीजीआई प्रशासन व कर्मचारियों में सहमति बनी थी कि जल्द ही कर्मचारियों को ठेकेदार के शोषण से मुक्त करवाकर कौशल रोजगार निगम में सम्मिलित किया जाएगा। लेकिन कर्मचारियों को कौशल रोजगार में सम्मिलित किया जाना तो दूर की बात पूर्व की हड़ताल के पश्चात ठेकेदार ने कर्मचारियों का और भी ज्यादा शोषण करना शुरू कर दिया।

### हड़ताल सुरक्षा के लिए खतरा

वहीं मारपीट में घायल अस्पताल में भर्ती बेयरर आशा और मंजू ने आरोप हड़ताल में शामिल नहीं होने और संस्थान के हक में हड़ताल का विरोध करने पर पहले कहासुनी की गई फिर मार पिटाई। यह हड़ताल बाहरी लोगों द्वारा करवाई जा रही है। अब पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में है। दूसरी ओर पीजीआईएमएस ने भी रोहतक के पुलिस अधीक्षक को ऐसे बाहरी लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत में लिखा है कि कुछ बाहरी लोग जमावड़ा करके हड़ताल करवा रहे हैं, इन पर तुरंत कारवाई करके हड़ताल स्थल को खाली करवाया जाए। शिकायत में संस्थान ने इस हड़ताल को पीजीआईएमएस के लिए सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

### नुकीली चीज से घायल किया

अस्पताल में दाखिल घायल बेयरर आशा ने बताया कि जब हड़ताल का विरोध किया तो उस पर नुकीली चीज से हमला करके घायल कर दिया, मार पिटाई की गई, ऐसे लोगों पर कारवाई होनी चाहिए।

### दो महिलाओं ने दी पुलिस को शिकायत

पीजीआईएमएस में मारपीट का शिकार हुई दो घायल बेयरर महिला कर्मचारियों आशा और मंजू ने पुलिस को शिकायत देकर कारवाई की मांग की है। दोनों का आरोप है कि हमें जबरदस्ती हड़ताल में बुलाया गया, वहां पहुंचकर देखा तो हड़ताल में बाहर के लोग थे। इस बात का विरोध किया तो मारपीट की गई अभद्र भाषा का प्रयोग किया। फिलहाल दोनों महिलाएं सिविल अस्पताल में दाखिल है।

### मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने एसपी को लिखा पत्र

पीजीआईएमएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट कुंदन मित्तल ने रोहतक के एसपी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा कि बाहरी लोग संस्थान में हड़ताल करवा रहे हैं, जिससे सुरक्षा को खतरा है, मरीज दहशत में हैं, ऐसे लोगों को यहां से हटवाया जाए और विजय पार्क को खाली करवाया जाए।

### बाहरी लोग कैसे कर सकते हैं हड़ताल

घायल बेयरर ने बताया कि बाहरी लोग पीजीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में हड़ताल कैसे कर सकते हैं। जो लोग हड़ताल करवा रहे हैं, वे कर्मचारियों से अवैध रूप से चंदा वसूली करते थे और संस्थान के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते थे। संस्थान की शिकायत के बाद उन्हें टर्मिनेट कर दिया गया था। अब वो झूठी शिकायत कर रहे हैं और फंसने के डर से अन्य कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसा रहे हैं। ऐसे लोगों पर कारवाई होनी चाहिए।

## किराये पर चलाता है होटल

# सांपला के युवक को हरिद्वार में मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



हरिद्वार में किराये पर होटल चला रहे सापला के युवक को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलीमार दी। पुलिस ने घायल अरुण को अस्पताल में भर्ती कराया है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। बताया कस्बा निवासी अरुण कुमार हरिद्वार में किराए पर होटल चला रहा है। सोमवार की दोपहर बाद जब वह होटल के बाहर एक आइसक्रीम वाले के पास खड़ा था तभी बाइक पर दो युवक सवार होकर आए और उसे पर फायर कर दिया । एक गोली उसके हाथ में लगी है इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### अनिल हत्याकांड में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

- सीआईए, शिवाजी कॉलोनी सहित तीन टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए कर रही हैं प्रयास

**रोहतक।** गांव रिटोली में हुए अनिल हत्याकांड में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। सीआईए, शिवाजी कॉलोनी सहित तीन टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास कर रही हैं। वहीं गांव में हत्याकांड के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस बल गांव में तैनात किया गया है। पुलिस ने कई जगह रेड कर आरोपियों की पहचान का प्रयास भी किया। इसके अलावा आसपास के गांवों के भी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। एक जगह बाइक पर कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं लेकिन हमलावरों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। 37 वर्षीय अनिल कुमार सुबह सात बजे गांव से खेतों की तरफ गया था। जहां तीन हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। करीब 15 गोलियां चलाकर हमलावर भाग निकले। ग्रामीणों ने गोली चलने की सूचना अनिल के परिजनों को दी।

### पुलिस अधिकारी बनकर 30 लाख ठगे आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के रिमांड पर लिया गया
- पुलिस आरोपियों से पूछताछ करेगी

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना की टीम ने सीबीआई व पुलिस अधिकारी बनकर 30 लाख रुपये की हुई ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि रोहतक निवासी दिलबाग की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 9 जनवरी को दिलबाग के पास किसी शुभदीप सक्सेना के नाम के व्यक्ति से फोन आया, जिसने अपने आप को सीबीआई साइबर विभाग से बताया। शुभदीप ने दिलबाग को कहा कि आपके मोबाइल नंबर से बैंक खाता खुलवाया गया है, जिसमें आपकी आईडी लगी हुई है। रोहताश के मना करने पर युवक ने कहा कि रोहताश के खिलाफ बैंक में रुपयों के लेन देन को लेकर केस दर्ज हुआ है।

## गांव घिलौड़ के पास हादसा

# कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गांव घिलौड़ के पास जसिया चौक पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उसका भाई वह राहगीरों ने पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जहां पर युवक ने डॉक्टरों को मृतक घोषित कर दिया। घिलौड़ पुलिस चौकी में मृतक के भाई की शिकायत के अधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। घिलौड़ पुलिस चौकी को दी शिकायत में दीपक ने बताया कि वह निवासी भैंसवाल खुर्द जिला सोनीपत का रहने वाला है। रोहतक नगर निगम में ड्यूटी करता हूं। मेरा बडा भाई प्रवीन दूध बेचने का काम करता है, जो दूध बेचने के लिए रोहतक बाइक से जाता है। 2 जून को सुबह मेरा भाई प्रवीन अपनी बुलेट बाइक से दूध बेचने रोहतक आया हुआ था। मैंने कहा कि मेरी नाइट ड्यूटी हैं, मैं भी तुम्हारे साथ घर चलता हूं, मैं अपनी मोटर साइकिल पर प्रवीन के पीछे चल दिया, जब हम रोहतक से गोहाना की तरफ करीब सुबह 9 बजे के आस-पास जसिया चौक पहुंचे तो मैं प्रवीण से पीछे था। प्रवीन के आगे हरियाणा रोडवेज बस चल रही थी, जो बस ने सवारी उतारने के लिए बस को रोका तो प्रवीन अपनी बाइक को साइड से निकालने लगा तो पीछे से एक गाड़ी तेज रफ्तार व गफलत लापरवाही से चलती हुई आ रही थी, जिसने मेरे भाई के प्रवीन की बाइक को पिछे से टक्कर मारी। जिसको काफी चोटे आई, पीजीई लेकर आया। जहां पर डाक्टर ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया।

## विज्ञान में नौतपा का शब्द ही नहीं, सूरज के झुकाव पर चलता है ऋतु चक्र: एमडीयू प्रोफेसर

# वैज्ञानिक दौर में भी अज्ञानता का नौतपा नौ दिन उठती रही सावन सी घटा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

विज्ञान के इस दौर में भी अज्ञानता और चमत्कार का प्रचार होता है। हर साल ज्येष्ठ महीने के दूसरे पखवाड़े के पहले नौ दिनों में भीषण गर्मी पड़ने का प्रचार किया जाता है। लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज हम आपको अज्ञानता की बानगी से अवगत करा रहे हैं। प्रोपगेंडा किया गया कि 25 मई से नौतपा प्रारंभ हो रहा है, इसलिए लोगों को भंयकर गर्मी सहने के लिए तैयार होना चाहिए। पर, तेज गर्मी तो दूर की कौड़ी रही, तापमान सामान्य से भी 5-6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। नौतपे के अंतिम दिन आज सोमवार 2 जून को रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्र में सावन जैसे काली घटाएं उठती रही। इससे पहले के दिनों के अधिकतम तापमान पर सरसरी नजर डालेंगे तो मालूम हो कि कथित नौतपा के दिनों में एक दिन भी असहनीय तपिश नहीं हुई। इतना ही नहीं वर्ष 2023 के नौतपा दिनों में भी बरसात हुई थी। साल 2024 में भी नौतपा में गर्मी ने कोई रिकॉर्ड नहीं तोड़े। इन सब तथ्यों के बीच महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का कहना है कि नौतपा शब्द नहीं होता है। गर्मी और सर्दी सूरज पर निर्भर करती हैं।

| दिन | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| 25 मई | 33 |
| 26 | 34 |
| 27 | 37 |
| 28 | 38 |
| 29 | 39 |
| 30 | 34 |
| 31 | 39 |
| 1 जून | 38 |
| 2 | 38 |

डाटा स्रोत: **मौसम विभाग**


हरिभूमि
25 May 2023
पारा 10 डिग्री सेल्सियस घटा

### नौतपा में सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में करते हैं प्रवेश

विज्ञान को न मानने वालों द्वारा कहा जाता है कि में नौतपा में सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। जिससे धरती पर जीवों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। 9 दिन तक सूर्यदेव अपने उग्र रूप में रहते हैं। इस दौरान दान-पुण्य का विशेष महत्व है। सूर्य देव की आराधना जरूर करनी चाहिए। सूरज को अर्घ्य देने से परिवार के सभी लोग स्वस्थ रहते हैं। पूजा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### इन सिद्धांतों को जानें

भारत में जून में सूर्य की किरणें धरती पर सीधी पड़ती है। जिससे तापमान बढ़ता है। दिसंबर और जनवरी में यही किरणें सीधी की बजाय तिरछी जमीन तक पहुंचती है। जिससे वे तापमान नहीं बढ़ता। और सर्दी पड़ती है। जैसे-जैसे किरणें सीधी होती रहेंगी, वैसे वैसे तापमान बढ़ता रहेगा। मार्च में किरणे मध्यम में होती है, इसलिए न तो ज्यादा गर्मी होती है और न ही सर्दी। इसी प्रकार अक्टूबर में भी किरणें बीच की अवस्था में होती हैं और मौसम भी मध्यम दर्जे का ही होता है।

### गर्मी का नौतपा से संबंध नहीं



गर्मी नौतपा से कोई संबंध नहीं होता है। मई-जून में गर्मी चरम पर होने का वैज्ञानिक कारण होता है। इस समय सूर्य की किरणें धरती पर सीधी पड़ती हैं। जबकि दिसंबर-जनवरी में किरणें तिरछी होकर आती हैं। किरणें तिरछी होने के कारण तापमान कम रहता है।

**-महताब सिंह राणा**, सेवानिवृत्त प्रोफेसर भूगोल विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय

हरिभूमि सहेली



विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

# प्लास्टिक से मिले मुक्ति
# हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।



**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढ़ने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करने का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं।



### साथी बने थैला

**प्लास्टिक फ्री** जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथीन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।

# बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
सरस्वती रमेश



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

### संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

**गर्मियों में** लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा।

लाइफस्टाइल
रेखा शाह आरबी

उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप अपने आपको अकेला महसूस कर सकती हैं, लाइफ बोरिंग लग सकती है। ऐसी नेगेटिव सोच से उबरिए, इसके लिए कुछ नया करिए।

# कहीं आपको अपनी लाइफ बोरिंग तो नहीं लग रही है



आजकल पहले के जैसे संयुक्त परिवार नहीं रहे, जिसमें दिन भर हंसी-मजाक, ठहाके गूंजते रहते थे। दिन कब पूरे परिवार के साथ हंसते-हंसते बीत जाता, पता ही नहीं चलता था। ये सब अब बीते जमाने की बातें हो गई हैं। अब एकल परिवार का जमाना है। अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी और बच्चे, यही पूरा परिवार माना जाता है। कुछ वर्षों के बाद बच्चे भी बाहर दूसरे शहरों में पढ़ने या जॉब के लिए चले जाते हैं, तब महिलाएं घर में बिल्कुल अकेली रह जाती हैं। क्योंकि पति तो पहले ही अपने जॉब या बिजनेस के काम के लिए दिन भर घर से बाहर रहते हैं। जो महिलाएं काम-काजी नहीं हैं, घरेलू हैं, उन्हें अकेलेपन का अहसास बहुत ही शिद्दत से होता है। ऐसे में एक बड़ी समस्या रहती है कि अपना टाइम कैसे पास किया जाए? अकेलेपन से कैसे पार पाएं? लाइफ बहुत बोरिंग लगती है। कुछ महिलाएं तो किसी मानसिक बीमारी की शिकार भी हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है, जीवन में कुछ ऐसा करते रहना चाहिए कि जिंदगी खूबसूरत लगे।



**बाहरी नहीं, आंतरिक देख-भाल की जरूरतः** जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए, अपने व्यक्तित्व को निखारने-संवारने के लिए सिर्फ बाहरी ही नहीं, आंतरिक देखभाल की भी जरूरत होती है। इसके लिए कुछ प्रयास करने पड़ते हैं। अपने भीतर नई ऊर्जा भरने के लिए जरूरी है, हम अपने रूटीन से हटकर कुछ नई एक्टिविटीज से जुड़ें, ताकि जिंदगी बोरिंग न लगे। कहने का यह मतलब है कि जब भी आपको ऐसा लगे कि जीवन एक ही ढर्रे पर चल रहा है, लाइफ बोरिंग हो गई है तो अपने भीतर नई उमंग जगाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार अपने जीवन में कुछ बदलाव लाएं। इस दिशा में एक्टिव हों।

**किताबों से करें दोस्तीः** उम्र कोई भी हो, जब किसी व्यक्ति को उसकी रुचि के अनुसार कोई किताब मिल जाती है तो वह उसमें डूब जाता है। हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें होती हैं। किताबों का साथ हमेशा ही हमारे व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। किताबें हमारे एकांत की अच्छी साथी बन जाती हैं, बोरियत दूर करती है, व्यक्ति को जीवंत बनाती हैं। साथ ही किताबें एक बौद्धिक संतुष्टि भी देती हैं।

**समाज सेवाः** खाली समय में समाज सेवा करना, समय का सबसे अच्छा सदुपयोग है। अपने आस-पास किसी समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग दीजिए, इससे आपका मन प्रफुल्लित होगा। किसी की निस्वार्थ सहायता करना, मन को एक अलग तरह की अनुभूति देता है, एक सुकून मिलता है। इससे भी एक बहुत अच्छा काम है, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना। बच्चों के साथ कब आपका समय क्वालिटी टाइम में बदल जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। इससे आपको मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही, साथ ही छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत, शरारत आपको नई ऊर्जा से भर देगी।

**बागवानी कीजिएः** यदि आपके घर में जगह है तो आप गार्डनिंग करें। तरह-तरह के फूलों वाले पौधे लगाकर आपको एक अलग ही ऊर्जा और ताजगी मिलेगी। गार्डनिंग करके आप अपने आपको व्यस्त और स्वस्थ रख सकती हैं।

**खुद को दें नया लुकः** आप अपने आप को नया लुक देकर भी एक खुशी हासिल कर सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर की मदद ले सकती हैं। अपना मेकओवर देखकर सिर्फ आपको ही नहीं, आपके चाहने वालों को भी खुशी होगी। यह खुशी आपको ऊर्जावान बनाएगी। इससे आप नया करने को प्रेरित होंगी।

ट्रेंड
सरिता गुप्ता

# समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है।

(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)

मेडिकल सजेशन

डॉ. विनय अग्रवाल
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा


बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

# बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग
# नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।



**नियमित एक्सरसाइजः** ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं।



### लें हेल्दी डाइट

**हेल्दी बोंस** के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।

प्रस्तुतिः संध्या रानी

## खबर संक्षेप



### उन्नत तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया

**रोहतक।** कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के पांचवें दिन सोमवार को जिले के नौ गांवों में शिविर आयोजित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक की प्रभारी डॉ. मीना सिवाच ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन शिविरों में खरीफ सीजन से पहले उन्नत कृषि तकनीकें, प्राकृतिक खेती की विधियों, फसल विषिधिकरण, किसानों की उपज बढ़ाना तथा सीधे संवाद से कृषि में आ रही समस्याओं को जाना व प्रतिपुष्टि की गई।



### तपस्या से व्यक्तित्व में आता है निखार

**रोहतक।** तपस्या से व्यक्तित्व में निखार आता है। शारीरिक शक्ति और मानसिक शक्ति सफलता की कुंजी है। ये विचार वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में शिविर अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शिविर में जूडो कराटे, लाठी, भाला, सूर्य नमस्कार, व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बौद्धिक प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन वैदिक विद्वानों के प्रवचन आयोजित किये जायेंगे, जो विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे। इसके बाद आचार्य शक्तिदेव ने यज्ञ सम्पन्न करवाया।

### जिलाधीश ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं 16 (1) एवं 17 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला की महम तहसील के गांव लाखनमाजरा में खेवट संख्या 219/195 पर कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत लाखनमाजरा के नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है।

## पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के प्रति जागरूकता अभियान का उद्देश्य

# नोडल अधिकारी नियुक्त कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को बनाएं सफल

- एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त सोमवार को इस कार्यक्रम को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी। इस अभियान की अपील करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी नागरिकों से इस पहल के माध्यम से रहने योग्य एक बेहतर पृथ्वी के निर्माण और सतत विकास में योगदान देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान सरकार द्वारा शुरू किया गया एक वृहद वृक्षारोपण अभियान है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में वृक्षों की संख्या बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण करना और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के उद्देश्य के बारे में बताते हुए उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। वृक्षारोपण से पर्यावरण प्रदूषण कम होता है, जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगता है और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। उसके साथ-साथ पेड़ मिट्टी को बांधकर रखते हैं, जिससे मिट्टी का कटाव रुकता है। पेड़ वर्षा का जल सोखते हैं और भूजल स्तर को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अभियान को लेकर जिला पौधारोपण कमेटी गठित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को इस अभियान को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त करके सूची जिला वन अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए दिए अपने-अपने विभागों की भूमि चिन्हित करके पूरा विवरण प्रस्तुत करें, जहां पर पौधारोपण किया जा सकता है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी अभियान के तहत जिला में लगभग चार लाख पौधे विभिन्न श्रेणी के लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष भी 4 लाख पौधे लगाए गए थे। 2 लाख पौधे वन विभाग ने स्वयं लगाए थे, जबकि 2 लाख पौधों का वितरण किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में वन विभाग की सात नर्सरियां है। यह नर्सरियां हर्बल पार्क, महम, लाखनमाजरा, सुनारिया, सांघी, सांपला व बोहर में स्थित है। इन सभी नर्सरियों में 3 लाख 69 हजार 960 पौधे विभिन्न श्रेणियों के उपलब्ध हैं।



**रोहतक।** लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### पौधा लगाने के बाद देखभाल जरूरी

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान में पेड़ को मां के समान माना जाता है और लोगों से अपील की जाती है कि वे एक पेड़ लगाकर अपनी मां को समर्पित करें। इस अभियान में आम जन, स्कूल, कॉलेज, सरकारी संस्थान और गैर सरकारी संगठनों को शामिल करने के निर्देश भी उपायुक्त ने दिए हैं। इस अभियान में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए जाते हैं, जैसे कि फलदार पेड़, छायादार पेड़ और औषधीय पेड़। इस अभियान में केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी महत्वपूर्ण होता है।

### खास बातें

- एक पेड़ लगाकर अपनी मां को समर्पित करें
- अभियान को लेकर जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश
- सभी विभाग भूमि चिन्हित करके प्रस्तुत करें विवरण
- अभियान के तहत चार लाख पौधे लगाने का लक्ष्य
- सात नर्सरियों के माध्यम से होगा वितरण

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, डीसीएफ वीरेंद्र गिल, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



**रोहतक।** कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि विकास शर्मा व भारत विकास परिषद युवा शाखा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### भाविप का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**रोहतक।** भारत विकास परिषद युवा शाखा का परिवार मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह देव भूमि मंदिर सेक्टर 2 में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विकास शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश मित्तल (प्रांतीय अध्यक्ष -हरियाणा मध्य प्रांत) ने की। राष्ट्रीय गतिविधि संयोजिका महिला सहभागिता गीता गुप्ता द्वारा परिषद के पांचों सूत्रों का महत्व बताया गया। भारत विकास परिषद युवा शाखा की नई कार्यकारिणी के रूप में अमित मित्तल ने अध्यक्ष पद, रेणु खटोड़ ने सचिव एवं अक्षय गोयल ने कोषाध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया। शाखा में नए जुड़े सदस्यों को भी शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर सुशील नांदल पार्षद वार्ड 12, आरपी बोहरा, सुरेश बंसल, प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल, चंद्र सेन जैन, मनोज बहल, विक्रांत शर्मा आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** योग आसन करते पुलिस अधिकारी व जवान। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगाभ्यास

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमित (आयुष विभाग) ने जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास कराया। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों ने योग आसन का भी अभ्यास किया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायो बारे भी विस्तार से बताया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोज़ाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी। योग तनाव को कम करता है व बेहतर नींद देता है। योग और रोग प्रतिरोधक क्षमता एक दूसरे से जुड़ी हुई है।

# अंडर-9 गर्ल्स सिंगल्स का फाइनल आरोही और ईशु के बीच होगा, रोचक मुकाबले की उम्मीद

- 33वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) के तत्वाधान में आयोजित 33वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 (बॉयज व गर्ल्स) के सिंगल्स और डबल्स के रोचक मुकाबले जारी रहे। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में जारी इस चार दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। इस दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजेंद्र मलिक, सचिव उमेद शर्मा, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रितेश दलाल, हरिओम चंदेल, भातर भूषण अरोड़ा व गिरीश सैनी आदि मौजूद रहे।





**रोहतक।** जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे परिणाम

यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि अंडर-9 गर्ल्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में आरोही और ईशु ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ा। अब फाइनल मुकाबले में इन दोनों के बीच मुकाबला होगा। वहीं अंडर-11 गर्ल्स सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में हर्षा ने कोमल को 15-8, 15-8 से हराया। इसी तरह से अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में वानी ने भान्वी को 15-7, 17-15 से मात दी। इसके अलावा अंडर-9 बॉयज सिंगल्स के सेमीफाइनल में मयंक और जहान अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ कर फाइनल में पहुंचे। अंडर-11 बॉयज डबल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में दीपांशु व मंश की जोड़ी ने मनवीर व रेयांश को हराकर जीत हासिल की। अंडर-13 बॉयज सिंगल्स का सेमीफाइनल मुकाबला अरमान और जागृत के बीच होगा। अंडर-15 बॉयज सिंगल्स का क्वार्टर फाइनल जतिन, हरमन, आदित्य और जयवर्धन ने जीता।

# एचडी पब्लिक स्कूल की स्वाति ने रचा इतिहास, आईआईटी में चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर की मेधावी छात्रा स्वाति ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5482वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर आईआईटी में चयनित होकर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से डोभ गांव सहित पूरे इलाके में हर्ष की लहर दौड़ गई है। स्वाति ने बताया कि वह नर्सरी कक्षा से ही एचडी पब्लिक स्कूल की छात्रा रही है और इस सफलता में विद्यालय का अनुशासित वातावरण, उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली व प्रेरणादायक शिक्षकों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा, "मैं अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने डायरेक्टर सर, समस्त शिक्षकों और अपने माता-पिता को देना चाहूंगी, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था।" स्वाति ने आगे बताया कि एचडी पब्लिक स्कूल में जेईई (मेन व एडवांस्ड), एनडीए, मिलिट्री, एयर फोर्स आदि जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी कराई जाती है, जिससे विद्यार्थियों को बाहरी कोचिंग की आवश्यकता नहीं होती।स्वाति के पिता वीरेंद्र सिंह, ग्राम डोभ ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फोगाट एवं समस्त शिक्षकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, "हमारी बेटी की यह ऐतिहासिक सफलता पूरे ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक प्रेरणास्त्रोत और मिसाल है।" विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र फोगाट और अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा बल्हारा फोगाट ने स्वाति को बधाई दी।



# एमएसपी की किसान खेत मजदूर यूनियन ने निंदा की

- उफ्लैग: संगठन का दावा, हर रोज देश में आर्थिक बदहाली की वजह से 31 किसान कर रहे हैं आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा खरीफ सीजन 2025-26 के लिए 14 फसलों के लिए घोषित एमएसपी की निंदा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि सीसीईए द्वारा घोषित एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की C2+50% की सिफारिश पर आधारित नहीं है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार धान के लिए C2+50% दर 3135 रुपये प्रति क्विंटल है। सीसीईए द्वारा घोषित धान का एमएसपी 2369 रुपये प्रति क्विंटल है, जो 766 रुपये प्रति क्विंटल कम है। भारत में धान का औसत उत्पादन 25-30 क्विंटल प्रति एकड़ है और एक एकड़ उत्पादन पर किसान को होने वाला नुकसान 19150 रुपये से 22980 रुपये के बीच होगा।इसी तरह अन्य फसलों के लिए भी घोषित एमएससी C2+50% दर से कम है। जयकरण मांडौठी ने बताया कि खाद, बीज,कीटनाशक और डीज़ल सहित अन्य इनपुट की महंगाई और मूल्य वृद्धि की दर और जीवन यापन की लागत, सीसीईए द्वारा अपनी मूल गणना के लिए ए2+एफएल के आधार पर एमएसपी में वृद्धि की दर से अधिक है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जो गंभीर कृषि संकट और परिणामस्वरूप किसान आत्महत्या का कारण है।

### केंद्र सरकार पर संगठन ने लगाया यह आरोप

अध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि उनका संगठन और देश भर के अन्य किसान संगठन लगातार प्रधानमंत्री से मांग कर रहे हैं कि वे 2014 के आम चुनाव में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए वायदे के अनुसार गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी सी2+50% लागू करें। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार 12वें साल भी सी2+50% की दर से एमएसपी न बढ़ाकर पूरे भारत के किसानों को धोखा दे रही है। किसान नेता ने बताया कि उत्पादन की वास्तविक लागत सीएसीपी द्वारा अनुमानित लागत से बहुत अधिक है, इसलिए किसानों को होने वाला वास्तविक नुकसान भी अनुमान से परे है।

# सार्वदेशिक आर्य वीर दल के राष्ट्रीय शिविर का उद्घाटन

- शिविर का उद्घाटन सोमवार को गुरुकुल विश्वभारती भैयापुर लाढ़ौत में हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

आर्य समाज की युवा इकाई आर्य वीर दल के राष्ट्रीय शिविर का उद्घाटन सोमवार को गुरुकुल विश्वभारती भैयापुर लाढ़ौत में हुआ। मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश ने कहा कि युवा ही समाज से अज्ञान, अन्याय और अभाव को दूर करने में सक्षम हो सकता है। यह एक सुनहरा अवसर है कि आप अपने चरित्र को उन्नत बनाने का प्रयत्न करें। इस शिविर के माध्यम से समाज में जाकर नई चेतना जगाने का प्रयत्न करें। स्वामी देवव्रत सरस्वती ने कहा कि शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति ही इस संगठन का उद्देश्य है, वर्तमान की युवा पीढ़ी विज्ञान के उपकारों को अनुभव करते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़े रहें, इसके लिए इस शिविर में अनेक प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधान संचालक सत्यवीर आर्य ने कहा कि जो युवा अपने ज्ञान विज्ञान को बढ़ाता है, वह समाज में स्वयं सुखी होकर सबको सुखी करता है। इसका प्रयत्न निरंतर होता रहना चाहिए। 15 दिन तक चलने वाले इस राष्ट्रीय शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर गुरुकुल विश्वभारती के संस्थापक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय, निदेशक आचार्य नंदकिशोर, मुख्य अधिष्ठाता नंदलाल शास्त्री, शिविर प्रधान व्यायाम शिक्षक कौशल आर्य, गोवर्धन आर्य, भैरव सिंह आर्य, शनि आर्य, संदीप आर्य, शीशपाल आर्य, ज्ञानेश आर्य, हर्ष आर्य आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश।

## मेन बाजार में है राजस्व विभाग का पटवार भवन, हादसे की आशंका

# पटवार भवन में खुला पड़ा पानी का टैंक, परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम**

महम शहर के मेन बाजार में राजस्व विभाग का पटवार भवन है। इस पटवार भवन में महम शहर व आस पास के कई गांवों के राजस्व पटवारी बैठते हैं। दिनभर यहां पर जमीन जायदाद के काम के लिए लोगों का आना जाना लगा रहता है। विभिन्न दस्तावेजों पर लोगों को पटवारियों की रिपोर्ट बनवानी पड़ती है। जमीन जायदाद के रिकॉर्ड और जमीन का जायदाद के इंतकाल संबंधित कार्य यहां पर पटवारियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन पटवारियों को यहां आने वाले लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। जहां से दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहता है, वहीं जमीन पर अंडर ग्राउंड पानी का एक टैंक बना हुआ है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पानी के टैंक पर कोई ढक्कन नहीं लगाया गया है। जबकि यहां का स्टाफ इस टैंक के पानी को ही इस्तेमाल करता है। जिसमें बाहर से गंदगी गिरती रहती है। फिर भी जमीन में बना पानी का यह टैंक खुला पड़ा है और यहां से गुजरने वाले लोगों के इस टैंक में गिरने का खतरा बना हुआ है। जिस तरह से यह टैंक खुला पड़ा है, इससे लगता है कि यहां पर काम करने वाले राजस्व विभाग के पटवारियों और यहां पर कार्यरत कानूनगो को लोगों के इसमें गिरने का इंतजार है।



**महम।** पटवार भवन महम के आंगन में खुले पड़े पानी के टैंक को दिखाता स्थानीय नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### खुले टैंक में डूब का सकता किसी का बच्चा

जिस तरह से पटवार भवन के आंगन में पानी से भरा टैंक खुला पड़ा है, उससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति के साथ कोई बच्चा पटवार भवन में आ जाए और थोड़ा सा भी ध्यान भटका तो बच्चा पानी में गिर सकता है। पटवार भवन का दरवाजा दिनभर खुला रहता है, बाजार से भी कोई बालक खेलता हुआ, वहां पर पहुंच सकता है और पटवारी व कानूनगो काम में लगे हुए हों और किसी का ध्यान न जाए, तो भी यहां कोई हादसा हो सकता है।

### ढक्कन लगवाना कानूनगो का काम नहीं

पटवार भवन में जमीन पर खुले पड़े पानी के टैंक के संबंध में पटवार भवन में कार्यरत कानूनगो भगवत दयाल से जब हरिभूमि संवाददाता ने पूछा तो कानूनगो ने कहा कि पानी के टैंक पर ढक्कन लगाना उनका काम नहीं है। जब उनसे यह पूछा गया कि ढक्कन कौन लगवाएगा तो वे कुछ जवाब नहीं दे पाए।



**महम।** गांव अजायब के हंसाई नाथ डेरे में 21 धूणी तप करते योगी कालीनाथ।

### अजायब गांव में 21 धूनों की तपस्या कर रहे योगी कालीनाथ

**महम।** अजायब गांव के हंसाई नाथ डेरे में 12 मई से योगी कालीनाथ 21 धूनों की तपस्या कर रहे हैं। उनकी तपस्या को 22 दिन पूरे हो गए हैं और उनकी यह तपस्या 31 दिन तक चलेगी। तपस्या पूरी होने पर 10 जून को रात्रि जागरण व सत्संग होगा और 11 जून को भंडारा लगाया जाएगा। योगी कालीनाथ के तप को देखने के लिए गांववासियों के अलावा आस पास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। संजय पांचाल ने बताया कि जेष्ठ के इस महीने में कई बार तापमान 44 डिग्री तक पहुंच जाता है। ऐसे में लोग दोपहर के समय घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। लेकिन योगी कालीनाथ पिछले 22 दिन से दोपहर के समय सवा दो घंटे तक 21 धूनों के बीच तप करते हैं। उनका तप दोपहर 12 बजे शुरू होता है।

### सूचना

हम, राम नारायण पुत्र श्री माईधन व संतोष देवी पत्नी श्री राम नारायण शर्मा निवासी मकान नं. 2938/9 गली नं. 08 छोटू राम नगर, सुखपुरा चौक, नजदीक पावर हाउस रोहतक बयान करते हैं कि हमने अपने पुत्र श्रवण व पुत्रवधु ज्योति को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब ये दोनों हमारे कहने सुनने में हैं। इसलिए हम उस बेदखली को रद्द करवाने चाहते हैं। और अब मेरे पुत्र श्रवण व पुत्रवधु ज्योति की हमारी तमाम चल-अचल सम्पत्ति में हिस्सेदारी होगी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

## सीवर मैन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



रोहतक। अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते सीवर मैन ईकाई सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य।

**रोहतक।** सीवर मैन ईकाई सफाई कर्मचारी संघ ने सोमवार को पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर को ज्ञापन सौंपा और लम्बित मांगों को पूरा करने की मांग की। संघ के प्रधान सुनील कुमार ने कहा कि 15 से 20 साल से जन स्वास्थ्य विभाग में सीवर मैन लगे हुए हैं और एचकेआरएन में शामिल हैं। प्रधान ने बताया कि पूर्व सहकारिता मंत्री ने एसई जन स्वास्थ्य विभाग से बातचीत कर समस्या का समाधान करने के लिए कहा है। मौके पर उप प्रधान सुरेंद्र, सचिव राजेश, महासचिव मिलन, शिवा, राहुल आदि मौजूद रहे।

## गांव सांघी में लगाया फिजियोथेरेपी कैंप

**रोहतक।** मां दानों देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 71 लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप के अंदर डॉक्टर अरमान ने मरीजों की जांच की। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह गांव सांघी के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक के उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है। राजेश जैन हमेशा समाज के हित में सोचते रहते हैं।

# गवर्नमेंट कॉलेज महम में बीए प्रथम वर्ष की 640 सीटों पर आई 243 एप्लीकेशन

**बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग में 80 सीटों पर आए 94 आवेदन, बीएससी मैथ की 40 सीटों पर 33 विद्यार्थियों ने भरा फार्म**

*बीए, बीएससी, बी कॉम और बीसीए प्रथम वर्ष के लिए 9 जून तक आवेदन मांगे गए हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय महाविद्यालय महम में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीए प्रथम वर्ष के लिए 640 सीटों पर दाखिले होने हैं। अब तक 243 विद्यार्थियों ने बीए में दाखिले के ऑन लाइन आवेदन किया है।

बी कॉम की 160 सीट हैं। अब तक 39 विद्यार्थियों ने बी कॉम में दाखिले की इच्छा जताई है। बीसीए की कॉलेज में 80 सीटें हैं। इन सीटों पर अब तक 94 विद्यार्थी ऐसे हैं जो कंप्यूटर एप्लीकेशन से बैचलर डिग्री करना चाहते हैं। इन्होंने दाखिले के लिए ऑन लाइन फार्म एप्लाई कर दिया है। विज्ञान संकाय की 160 सीट हैं। इसके लिए 36 ने ही आवेदन किया है। इस कॉलेज में विज्ञान संकाय में मेडिकल की पढाई की सुविधा नहीं है। नॉन मैडिकल में ही दाखिला लिया जा सकता है। बीएससी मैथ की 40 सीट हैं, इन सीटों पर 33 विद्यार्थियों ने ऑन लाइन आवेदन किया है। यदि आवेदन को लेकर प्रतिशत की बात करें, तो अब तक बीए प्रथम वर्ष के लिए कुल सीटों पर 37 प्रतिशत आवेदन आए हैं। बी कॉम प्रथम वर्ष के लिए 24 प्रतिशत आवेदन मिले हैं। बीसीए प्रथम वर्ष के लिए 117 प्रतिशत, बीएससी प्रथम वर्ष के लिए 22 फीसदी और बीएससी मैथ के लिए 82 प्रतिशत आवेदन आए हैं। बीए, बीएससी, बी कॉम और बीसीए प्रथम वर्ष के लिए 9 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। यदि आवेदन की तिथि नहीं बढाई गई तो 19 जून को पहली कट ऑफ लिस्ट लग जाएगी। यदि ऑन लाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई तो पहली कट ऑफ लिस्ट की डेट बदली जा सकती है।

### दाखिले के लिए कॉलेज में बनाया हेल्प डेस्क



रोहित कुमार

राजकीय महाविद्यालय महम के प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि एडमिशन की ऑन लाइन प्रक्रिया चल रही है। विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए कॉलेज में हेल्प डेस्क बनाया हुआ है। दाखिलों की प्रक्रिया के दौरान वे खुद कॉलेज में उपलब्ध हैं और दाखिला कमेटी को भी इस काम में लगाया हुआ है। जिस भी किसी छात्र या छात्रा को ऑन लाइन आवेदन करने में किसी तरह की कोई कठिनाई आती है, तो वे तुरंत समाधान करवाते हैं। पोर्टल पर बी कॉम के लिए आवेदन का ऑप्शन नहीं आ रहा था। विद्यार्थियों ने उनसे मिलकर समस्या रखी। उसके बाद समस्या का समाधान करवाया गया।

## विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए 12 कार्यक्रम भी खुले

# एमडीयू: 17 स्नातक व एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून तक बढ़ी

इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा कुल 17 कार्यक्रमों में लगभग 1450 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जा रही है।





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 12वीं के बाद संचालित होने वाले 17 स्नातक एवं पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जून तक बढ़ा दी है।

12वीं कक्षा पास विद्यार्थी एमडीयू में संचालित पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अब 9 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा कुल 17 कार्यक्रमों में लगभग 1450 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। इनमें से 12 कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी खुले हैं, जिनमें बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी), बीए (आर्थिक विज्ञान), बीए (लोक प्रशासन), बीए (इतिहास), बीएससी (गणित), बीएससी (सांख्यिकी), बीएससी (जेनेटिक्स), बीएफए (चित्रकला), बीकॉम, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज और बीसीए शामिल हैं। शैक्षणिक मामलों के डीन प्रोफेसर अनूप सिंह मान ने बताया कि बीटेक और बीफार्मा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, पंचकूला के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। वहीं, आइटीइपी कार्यक्रमों का प्रवेश कार्यक्रम एनसीइटी-2025 के परिणाम घोषित होने के बाद अधिसूचित किया जाएगा। प्रवेश विवरणिका, कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी और ऑनलाइन आवेदन लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम**

- मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी
- पांच वर्षीय एलएलबी
- 4 वर्षीय शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आइटीइपी): बीए बीएड एवं बीकॉम बीएड जिनमें प्रवेश एनसीइटी-2025 के स्कोर के आधार पर होगा।
- गुरुग्राम स्थित एमडीयू-सीपीएएस में भी बीबीए, एवं पांच वर्षीय एलएलबी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

**खास बातें**

- आवेदन की अंतिम तिथि: 9 जून
- प्रवेश परीक्षाएं: 19 से 23 जून
- परिणाम घोषित: 27 जून
- पहली काउंसलिंग: 1 जुलाई
- कक्षाएं आरंभ: 15 जुलाई

**प्रमुख पाठ्यक्रम**

**4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम:** बीसीए, बीबीए, बीकॉम, बीए (आर्थिक, अंग्रेजी, इतिहास, सार्वजनिक प्रशासन), बीएससी (गणित, सांख्यिकी, आनुवंशिकी, सार्वजनिक स्वास्थ्य), बीएफए (चित्रकला), पर्यटन और यात्रा प्रबंधन का स्नातक, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी का स्नातक आदि।



# आरडब्लूए के चुनाव में बलबीर सिंह मलिक पैनल ने मारी बाजी

- इस चुनाव में कुल आठ पदों में से 7 पदों पर इस पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आरडब्लूए सेक्टर-3 के चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हुए। इन चुनावों में बलबीर सिंह मलिक के पैनल को बड़ी सफलता मिली, क्योंकि इस चुनाव में कुल आठ पदों में से 7 पदों पर इस पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की हैं।

चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह श्योराण एवं एडहोक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस चुनाव में 245 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। इन चुनावों में प्रधान पद के उम्मीदवार बलबीर सिंह मलिक ने अपने प्रतिद्वन्दी जगबीर सांगवान को 32 मतों से, वरिष्ठ उप प्रधान पद पर सतीश हुड्डा ने आजाद मोर को 47 मतों से, सहसचिव पद पर राजफूल नांदल ने दर्शन सिंह को 27 मतों से, कोषाध्यक्ष पद पर शेर सिंह डागर ने राकेश सांगवान को 48 मतों से, आडिटर पद पर जतिन अत्री एडवोकेट ने सरजन सिंह तोमर को 24 मतों से, मुख्य सलाहकार पद पर डॉ. देवेंद्र गहलौत ने एडवोकेट राम चंद्र सिवाच को 65 मतों से व सलाहाकार पद पर डॉ. स्वतंत्रता नंद ने जगत सिंह गिल को 35 मतों से करारी शिकस्त दी। 2 जून को डॉ. महेन्द्र सिंह श्यौराण चुनाव अधिकारी व उनकी टीम ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उनकी जीत के प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुखबीर सिंह हुड्डा, जगमाल सिंह नरवाल आदि मौजूद रहे।





# मीठे पानी की छबील लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानव धर्म आश्रम रुपया चौक पर रविवार को रोशनी बाई की अध्यक्षता में मानव उत्थान सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मासिक प्रशिक्षण शिविर व शीतल जल की छबील लगाई गई। इस मौके पर सत्संग का भी आयोजन हुआ। यूथ विंग के बच्चों ने सेवा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर रोहतास, मानव सेवा दल रोहतक-झज्जर संयोजक, कृष्ण, रोहतक मंडल के उप मंडल प्रमुख डॉक्टर वीरेंद्र, मंडल प्रशिक्षक दीपक कुमार, रोहतक-झज्जर जिला प्रमुख हरि ओम, जिला संयोजक रोहतास, जिला प्रशिक्षक राजेश कुमार, पवन, धर्मेंद्र, सतवीर आदि मौजूद रहे।

# पद्मश्री डॉ. संतराम देसवाल का स्वागत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक को गर्व है कि इसके पूर्व छात्र, प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. संतराम देसवाल को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. देसवाल ने एमडीयू से अंग्रेजी और हिंदी में स्नातकोत्तर और हिंदी में पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की। यह सम्मान राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. संतराम देसवाल हमारे विश्वविद्यालय के उन छात्रों में से हैं जिन्होंने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से एक मिसाल कायम की है। उनका यह सम्मान पूरे एमडीयू परिवार के लिए गर्व का विषय है। डॉ. देसवाल ने सम्मान प्राप्ति के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहाकि मैं यह पुरस्कार अपने विश्वविद्यालय, अपने गुरुजनों, परिजनों और उन लोगों को समर्पित करता हूँ जिन्होंने हमेशा मेरा मार्गदर्शन और सहयोग किया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो रणदीप राणा ने डॉ संतराम देसवाल को बधाई और शुभकामनाएं दी।



रोहतक। मदवि के पूर्व छात्र, शिक्षाविद् डॉ. संतराम देसवाल को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित करते राष्ट्रपति मुर्मू।

## एमफिल साइकियाट्रिक सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने दिया सांकेतिक धरना

**रोहतक।** पीजीआईएमएस एमफिल साइकियाट्रिक सोशल वर्क के 2022–24 बैच के विद्यार्थियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के विरोध में एक सांकेतिक धरना दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि मनमाने तरीके से लगाया गया फाइन तत्काल प्रभाव से हटाया जाए क्योंकि विद्यार्थियों को न तो किसी प्रकार का नोटिस दिया गया और न ही किसी रिमाइंडर के माध्यम से जानकारी दी गई। भविष्य में किसी भी प्रकार का शुल्क, फाइन या अन्य शैक्षणिक, प्रशासनिक जानकारी विद्यार्थियों को औपचारिक नोटिस या ईमेल द्वारा अग्रिम रूप से दी जाए। विद्यार्थियों द्वारा कई बार मांग किए जाने के बावजूद मूल दस्तावेज नहीं लौटाए जा रहे, जबकि यूजीसी की दिशा निर्देश और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, संस्थानों को किसी भी कारणवश विद्यार्थियों के मूल दस्तावेज़ रोकने का अधिकार नहीं है। धरना प्रदर्शन के चलते कुछ छात्रों का वाइवा आयोजित नहीं किया गया।

## एमडीयू: गेट मीटिंग पर प्रधान और कोषाध्यक्ष में तू-तू मैं-मैं जारी

**रोहतक।** नियमानुसार मदवि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की एक साल में दो गेट मीटिंग करवाई जाती है। लेकिन अब दो साल से संघ की नियमावली को नजरअंदाज किया जा रहा है। ये कहा है कि संघ के कोषाध्यक्ष विजयपाल धनखड़ ने। उन्होंने बताया कि मैंने 28 मई को प्रधान अनिल मल्होत्रा को पत्र लिखकर प्रधान से गेट मीटिंग करवाने का निवेदन किया गया था। जिसको लेकर प्रधान ने कहा कि संघ को जब भी ज़रूरत महसूस होगी करवाई जाएगी। जिस पर विवाद बढ़ गया है। संघ के पदाधिकारी द्वारा ही गेट मीटिंग करवाने की मांग उठाई गई है। विजयपाल का कहना है कि गेट मीटिंग ना करवाने की असल वजह कर्मचारियों की मांगों को संघ के 7 महीने के कार्यकाल में भी प्रधान अभी तक ज्यादातर मांगों को पूरा करवाने की स्थिति में नहीं है। ज्यादातर मांगे लंबित हैं। इनका बचे 4 महीने के कार्यकाल तक पूर्ण करवाना बेहद मुश्किल साबित होगा। जिस वजह से कर्मचारियों मे रोष बढ़ रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए कोषाध्यक्ष द्वारा प्रधान अनिल मल्होत्रा से गेट मीटिंग करवाने की मांग की गई थी। ताकि मांगों की जो भी असल स्थिति है, वह कर्मचारियों को मालूम हो जाए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## डेफेटेरिया को आनंदमूर्ति गुरु मां का स्नेहाशीर्वाद



**रोहतक।** मदवि के एक अभिनव फूड ट्रक स्टार्ट-अप डेफेटेरिया ने वाणी और श्रवण बाधितों को सशक्त बनाने के अपने उल्लेखनीय मिशन के लिए आध्यात्मिक गुरु आनंदमूर्ति गुरु मां ने सराहना की है। उन्होंने डेफेटेरिया की संकल्पना को समझते हुए कहा कि यह समावेशन की दिशा में एक सुंदर और प्रेरक पहल है, जो समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण देती है। डेफेटेरिया समावेशिता का एक सुंदर उदाहरण है। डेफेटेरिया का राष्ट्रपति भवन तक पहुंचना इस बात को प्रमाणित करता है। एमडीयू हरियाणा सरकार के स्टार्टअप हरियाणा का सरकारी इनक्यूबेटर है।

## कुलदीप बिश्नोई का स्वागत



**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिसार के पूर्व लोकसभा सांसद चौ. कुलदीप बिश्नोई का रोहतक के किलोई हलके में चमारियां गांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप हुड्डा के घर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कुलदीप बिश्नोई अपने पुराने साथी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए आए थे। कुलदीप ने उनकी समस्याएं सुनी। मौके पर विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, योगेन्द्रनाथ मल्होत्रा, रॉकी राव, रमेश गुलिया, साहिल बंसल, डॉ राजेश सैनी, पंकज भट्टी, डब्बू त्यागी, विपिन बुद्धिराजा, अशोक रोहिल्ला, सुरेंद्र गोयत, मुकेश सरोहा, सौरभ जैन, जगजीत डागर, संदीप वर्मा, आदि सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रोफेसर दिलीप की विशेष भेंट



पूर्व कुलपति प्रो. दिलीप सिंह का स्वागत करते निदेशक आईएचटीएम प्रो. आशीष दहिया, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी व डॉ. अनूप कुमार।

**रोहतक।** मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में पूर्व कुलपति (एसजीटी विवि) प्रो. दिलीप सिंह का स्वागत किया गया। निदेशक आईएचटीएम प्रो. आशीष दहिया ने उनका अभिनंदन किया। प्रो. दिलीप सिंह ने आईएचटीएम सदस्यों के साथ शैक्षणिक नवाचार, कौशल उन्मुख पाठ्यक्रम तथा इंडस्ट्री–अकादमिक साझेदारी पर विस्तृत संवाद किया।

## खरावड़ स्कूल में शुरू समर कैंप

**सांपला।** गांव खरावड़ के राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को समर कैंप शुरू किया गया। कैंप का शुभारंभ प्राचार्य वीना खत्री ने सरस्वती के सामने ज्योति लगा कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान की देवी सरस्वती के बारे में बताया। प्राचार्य ने कहा कि ग्रीष्म अवकाश के दिनों में भी विद्यार्थी को शिक्षा से जुड़े रहने का मौका मिलता है। यह कैंप बच्चों को नई चीज सीखने ,रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं और सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। शिक्षक सरला देवी ने छात्राओं को कैंप व अंग्रेजी विषय के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा शिक्षक संदीप कुमार ने भी खेल कूद व योगा के बारे में बताया।

### भैसरु खुर्द में आज भंडारा

**सांपला।** भैंसरु खुर्द गांव में मंगलवार को बाबा सोटे वाले की याद में वार्षिक भंडारा लगेगा। कमेटी ने बताया कि सुबह हवन यज्ञ होगा उसके बाद भंडारा शुरू होगा।

## विवेक प्रधान व राहुल उप-प्रधान बने



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी की गवर्निंग बाडी की बैठक सोसायटी कार्यालय के बाहर हुई। बैठक की अध्यक्षता गवर्निंग बाडी सदस्य प्रमोद बंसल (झज्जर वाले) ने की। गवर्निंग बाडी की बैठक में 19 में 11 सदस्य उपस्थित हुए और हाउस ने सर्व-सम्मति से कालिजियम सदस्य विवेक नवल को प्रधान तथा राहुल जैन को उप-प्रधान नियुक्त किया। ज्ञात रहे कि सोसायटी में प्रधान एवं उप प्रधान दोनो पद रिक्त थे और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ सोसायटीज ने गवर्निंगबाडी को निर्देशित करके कहा था कि खाली पद शीघ्र भरें जाए। सह-सचिव श्याम लाल गर्ग ने कहा कि महासचिव राजेन्द्र बंसल ने सोसायटी कार्यालय के ताला लगवा दिया था इसलिए गवर्निंग बाडी सदस्यों ने सोसायटी कार्यालय के बाहर बरामदे में बैठकर गवर्निंग बाडी बैठक की।

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मदवि में सामान्य समस्याएं और समाधान विषयक कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) द्वारा गोल्डन जुबली इंडस्ट्री-एकेडेमिया पार्टनरशिप इनिशिएटिव के तत्वावधान में पीसीआर समस्या निवारण: सामान्य समस्याएं और समाधान विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने स्वागत भाषण देते हुए नवाचार-उन्मुख वैज्ञानिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अनुभवात्मक शिक्षा और योग्यता-आधारित शिक्षा पर जोर देने की बात कही। सीएमबीटी के प्राध्यापक डॉ. अमिता एस डांग, डॉ. अनिल कुमार और डॉ. रश्मि भारद्वाज भी कार्यशाला के समन्वयन में अहम भूमिका निभाई। डीएसएस टकारा बायो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. सौरभ सक्सेना ने बतौर विशेषज्ञ पीसीआर गतिशीलता पर एक व्यापक व्याख्यान दिया।



कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों के साथ सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन

## 21 तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने सोमवार को शहर की मार्केट एसोसिएशन , वेलफेयर एसो. एवं आमजन के साथ बैठक की। जिसमें सभी से स्वच्छता के कार्य में सहयोग मांगा गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 21 जून तक विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि ऐसे स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई करवाई जाए, जहां पर गंदगी अधिक रहती हो या काफी समय से गंदगी पड़ी हो। आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देश भी दिए जा चुके हैं कि बरसात से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो सके। बैठक में अपील की गई कि भविष्य में सम्पत्ति के मालिकाना हक, धोखाधड़ी से सम्बन्धित समस्याओं से बचने हेतु सम्पत्ति की सूचना स्वत: प्रमाणित करना बहुत जरूरी है। इस संदेश को अन्य सम्पत्ति मालिकों तक पहुंचाए कि सम्पत्ति को स्वत: प्रमाणित करने से सम्पत्ति मालिक के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी पर आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रोपर्टी आईडी के सम्बंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। इस प्रक्रिया के पश्चात अन्य कोई आपकी प्रोपर्टी आई.डी. का नो ड्यूज नहीं निकाल सकता है।

## चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम को भेंट की एंबुलेंस

**रोहतक।** राजेश जैन प्रबंधक निदेशक एलपीएस बोसार्ड ने चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम को एंबुलेंस भेंट की। भेंट करने के लिए उनकी पुत्र वधु समृद्धि जैन, डायरेक्टर स्किल डवलेपमेंट सेंटर उपस्थित रही। राजेश जैन समय-समय पर आश्रम का सहयोग करते रहते हैं और यही नहीं आश्रम के 10 बच्चों को अडॉप्ट भी कर रखा है। जिनका खर्च वह स्वयं वहन करते हैं। समृद्धि जैन का आश्रम की तरफ से अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मंत्री युवराज सिंह, राजरूप राठी, सुभाष सांगवान, रविंदर सिंह, हवा सिंह राठी, मैनेजर संदीप कुमार, जयवीर नान्दल, विशेष सिन्धु आदि उपस्थित रहे।





रोहतक। चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम को एंबुलेंस भेंट करते समृद्धि जैन, डायरेक्टर स्किल डवलेपमेंट सेंटर।